>

Title: Regarding villages situated on vacant land of Bokaro Steel Plant, Jharkhand -laid.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद):बोकारो स्टील प्लांट के खाली पड़ी हुई जमीन में 19 गांव काफी समय से बसे हुए हैं । इन गांवों को पंचायत का दर्जा नहीं रहने के कारण वहां के लोग पंचायतों में प्राप्त सुविधा से वंचित रह जाते हैं । उस क्षेत्र का विकास न राज्य सरकार करती है न बोकारो स्टील प्लांट करती है ।

अतः जनहित में उन गांवों को जिसका जमीन का उपयोग नहीं किया गया न ही निकट भविष्य में उपयोग करने की संभावना दिख रही है । उन्हें बोकारो स्टील प्लांट मुक्त करे ताकि वहां राज्य सरकार पंचायत व्यवस्था कर सके तथा वहां के लोगों को सरकार से प्राप्त सुविधा मिल सके ।